# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 16 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### अमेरिका के वेंटिलेटर देने की पेशकश पर पीएम मोदी ने ट्रंप को कहा- धन्यवाद



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस के प्रसार के कारण उत्पन्न वैश्विक स्वास्थ्य संकट के इस समय मेंदुनिया को स्वस्थ एवं कोविड-19 से मुक्त करने के लिए सभी देशों को एक साथ काम करना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस ट्वीट के जवाब में दिया जिसमें उन्होंने भारत को 'अच्छा मित्र'' बताया और घोषणा की कि अमेरिका ''अदृश्य शत्रु'' कोविड-19 से लड़ाई में मदद के लिए भारत को बड़ी संख्या में वेंटिलेटर देगा और इस बीमारी के खिलाफ टीका के विकास में दोनों देश साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### सरकार ने निजी कंपनियों के लिये खोला अंतरिक्ष क्षेत्र



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को निजी क्षेत्र को उपग्रहों, प्रक्षेपणों और अंतरिक्ष-आधारित सेवा कारोबार जैसे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भूमिका देने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की चौथी किस्त की घोषणा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी भागीदारी को बढ़ाने के लिये सरकार उपग्रहों, प्रक्षेपणों और अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं में निजी कंपनियों के लिये बराबर के मौके प्रदान करेगी।

### पैदल घर जाने को मजबूर मजदूर, राजस्थान सरकार ने कहा- SDM होंगे जिम्मेदार



**नयी दिल्ली।** देशव्यापी लॉकडाउन के चलते प्रवासी कामगारों का एक बहुत बड़ा तबका बेरोजगार हो गया। उसके पास खाने के लिए राशन नहीं है। जब खाने के लिए पैसे नहीं जुटा पा रहा प्रवासी कामगार तो मकान मालिक को किराया कैसे दे पाए। ऐसे में वह पैदल ही अपने-अपने गृह राज्यों की तरह निकल लिए। किसी ने 500 किमी का सफर तय किया तो किसी ने 1000 किसी का और किसी का सफर अभी भी जारी है।

# पंजाब सरकार ने मैनेजमेंटों को भेजी चिट्ठी, कोई भी प्राइवेट स्कूल इस साल फीस न बढ़ाए




**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने प्राइवेट स्कूलों को 2020-21 की फ़ीसों में साल 2019 -20 के दौरान ली गई फ़ीसों के मुकाबले कोई वृद्धि न किए जाने की सलाह दी है। राज्य में सभी प्राइवेट और अनएडिड (ग़ैर सहायता प्राप्त) स्कूलों के प्रबंधकों /प्रिंसिपलों को लिखे पत्र में डायरैक्टर, पब्लिक इंस्ट्रकशनज़(सैकेंडरी शिक्षा) सुखजीत पाल सिंह ने बताया कि यह फ़ैसला लाकडाऊन के मद्देनजऱ लिया गया है।

इस पत्र में स्कूलों के प्रबंधकों / प्रिंसिपलों को कहा गया है कि उनकी तरफ से बच्चों के माता-पिता को मासिक या त्रैमासिक फीस भरने की छुट दी जाये। स्कूलों प्रबंधकों को उन बच्चों के मामले को और भी ध्यान और हमदर्दी से विचारने के लिए कहा गया है जिनके माता-पिता की आजीविका तालाबंदी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे विद्यार्थियों को फीस में रियायत / फीस माफ करने के लिए भी कहा गया है और फीस न भरे जाने पर किसी भी बच्चे की शिक्षा (ऑनलाइन या रेगुलर) प्राप्ति को न रोके जाने के लिए भी कहा गया।

यह भी हिदायत की गई है कि स्कूल प्रबंधन की तरफ से किसी भी अध्यापक को हटाने या मासिक वेतन में कटौती या टीचिंग / नॉन-टीचिंग स्टाफ के कुल खर्चों में कोई कटौती न की जाये। स्कूल ऑनलाइन / डिस्टैंस लर्निंग प्रदान करने का यत्न करेंगे जिससे कोविड - 19 के मद्देनजऱ मौजूदा या भावी तालाबन्दी के कारण शिक्षा पर बुरा प्रभाव न पड़े। यह भी कहा गया है कि स्कूलों की तरफ से गर्मियों की छुट्टियों को छोड़ कर तालाबंदी/कर्फ्यू के दौरान कोई फीस न ली जाये। हालाँकि, जिन स्कूलों ने तालाबन्दी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की है या प्रदान कर रहे हैं, वह बिल्डिंग के खर्चे, परिवहन के खर्चे, खाने के खर्चे आदि के सिवाय सिर्फ ट्यूशन फीस ले सकते हैं।

## भारत को आंखें दिखा रहा नेपाल, पहली बार सीमा पर तैनात किए पुलिस फोर्स

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के भी व्यक्तिगत संबंध हैं और दोनों ही नेताओं ने कोरोना महामारी के दौर में एकजुट रहने की भी प्रतिबद्धता जताई है। लेकिन भारत के साथ विवाद पर केपी शर्मा ओली का कहना है कि वह नेपाल की 1 इंच भी जमीन नहीं छोड़ेंगे। भारत और नेपाल के बीच वैसे तो हमेशा दोस्ताना रहा है परंतु इन दिनों दोनों ही देशों के बीच तल्खी बढ़ गई है। इस तल्खी के बाद नेपाल ने भारत सीमा के नजदीक आर्मी पुलिस फोर्स का आउट पोस्ट बना दिया है। नेपाल ने यह निर्णय लिपुलेख दर्रा के नजदीक लगभग 80 किलोमीटर के लिंक रोड के उद्घाटन के बाद लिया। सूत्र बताते हैं कि यह ऐसा पहला मौका है जब नेपाल ने आर्मी पुलिस फोर्स सीमा पर तैनात किया है। इससे पहले रेगुलर पुलिस पोस्ट रहा करते थे। नेपाल सरकार ने इस पोस्ट को बनाने के लिए 11 करोड़ भी आवंटित कर दिए गए।

## औरैया में भीषण सड़क हादसा

# 24 मजदूरों की मौत, 36 जख्मी



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

लॉकडाउन के बीच पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की सड़क पर होने वाली मौतों का सिलसिला अब बढ़ने लगा है। एक बार फिर सड़क हादसे ने मजदूरों को अपना शिकार बनाया और 24 प्रवासी सिर्फ संख्या बनकर रह गए। यह भीषण सड़क हादसा उत्तर प्रदेश के औरैया में हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अर्चना श्रीवास्तव के अनुसार 24 लोगों ने दम तोड़ दिया जबकि गंभीर रूप से घायल 15 लोगों को पीजीआई में रेफर कर दिया गया है। कानपुर के पुलिस महानिरीक्षक मोहित अग्रवाल ने को बताया कि शनिवार सुबह एक डीसीएम मेटाडोर दिल्ली से मजदूरों को लेकर आ रही थी। इनमें से कुछ मजदूर औरैया और कानपुर देहात मार्ग पर मेटाडोर को रोककर सड़क किनारे एक चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे। तभी राजस्थान के जयपुर से मजदूरों को लेकर आ रहे एक ट्रक ने इस मेटाडोर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरे। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 24 मजदूरों की मौत हो गयी जबकि 36 मजदूर घायल हो गये।

गौरतलब है कि लॉकडाउन के बीच हाईवे पर इन दिनों दर्द का अंतहीन सिलसिला चल रहा है। रोजी-रोटी के संकट के बीच प्रवासी मजदूर अपने घरों को लौटने की चाह में लगातार सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। बीते दिनों यूपी के जालौन में प्रवासी मजदूरों से भरी गाड़ी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 14 मजदूर घायल हो गए थे। वहीं इससे पहले भी मुजफ्फरनगर में रोडवेज की बस ने मजदूरों के एक समूह को कुचल दिया था।

### यह दुर्घटना बेहद ही दुखद है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के औरैया में सड़क दुर्घटना में लोगों के मारे जाने पर दुख और संवेदना प्रकट की है। मोदी ने आज एक ट्विट कर कहा , उत्तर प्रदेश के औरैया में सड़क दुर्घटना बेहद ही दुखद है। सरकार राहत कार्य में तत्परता से जुटी है। इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं, साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करें मोदी, लोगों के खाते में पैसे डालें: राहुल गांधी



**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार से आग्रह किया कि वह आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करें और लोगों के खातों में सीधे पैसे डालें क्योंकि इस वक्त उन्हें कर्ज की नहीं, बल्कि सीधी आर्थिक मदद की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को लॉकडाउन को समझदारी एवं सावधानी के साथ खोलने की जरूरत है और बुजुर्गों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गांधी ने वीडियो लिंक के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, '' जो पैकेज होना चाहिए था वो कर्ज का पैकेज नहीं होना चाहिए था। इसको लेकर मेरी निराशा है। आज किसानों, मजदूरों और गरीबों के खाते में सीधे पैसे डालने की जरूरत है।''

# उत्तर प्रदेश में आ चुकी हैं 449 ट्रेनें

## 15 लाख से अधिक प्रवासी कामगार पहुंचे गृह राज्य



**डेली संवाद, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में देश के अन्य राज्यों से प्रवासी श्रमिकों और कामगारों को लेकर शनिवार तक 449 ट्रेनें आ चुकी हैं और ट्रेन, बस एवं अन्य साधनों से 15 लाख से अधिक कामगार राज्य में पहुंच चुके हैं। अपर मुख्य सचिव (गृह एवं सूचना) अवनीश कुमार अवस्थी ने यहां संवाददाताओं से कहा, अब तक प्रदेश में 449 ट्रेनें आ चुकी हैं। पांच लाख 64 हजार लोग ट्रेनों से पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को 73 ट्रेनें प्रदेश में आनी हैं। शाम तक 12 ट्रेनें आ चुकी हैं। रविवार से 286 और ट्रेनों की सहमति दी गयी है। इस प्रकार लगभग साढ़े नौ लाख श्रमिक एवं कामगार या तो प्रदेश में आ चुके हैं या फिर उनके लाने की व्यवस्था हो चुकी है।

अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया में हुए हादसे पर गंभीर संवेदना व्यक्त करते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रवासी श्रमिकों को पैदल ना आने दिया जाए और ना ही उन्हें अवैध एवं असुरक्षित वाहनों से यात्रा करने दिया जाए। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन का उल्लंघन करने के लिए एक लाख 34 हजार लोगों पर नामजद 47, 289 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। कुल 41 हजार वाहन सीज किये गये हैं और 18 . 5 करोड रुपये जुर्माना वसूला गया है।

# भारत में कोरोना के मरीजों की तादाद 85 हजार के पार, अब तक 2752 की मौत

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 2,752 हो गई और संक्रमितों की संख्या 85,940 पर पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में 103 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई और 3,970 नए मामले सामने आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब भी 53,035 लोगों का इलाज चल रहा है जबकि 30,152 लोग स्वस्थ हो गए हैं और एक मरीज देश छोड़कर चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''अभी तक करीब 35.08 प्रतिशत मरीज बीमारी से उबर चुके हैं।'' कुल संक्रमित लोगों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। शुक्रवार सुबह से लेकर अब तक 103 लोगों की मौत हुई है।इनमें 49 लोगों की महाराष्ट्र में, 20 की गुजरात में, 10 की पश्चिम बंगाल में, आठ की दिल्ली में, सात की उत्तर प्रदेश में, पांच की तमिलनाडु में, दो की मध्य प्रदेश में और एक-एक व्यक्ति की मौत कर्नाटक तथा हिमाचल प्रदेश में हुई है। देश में अब तक 2,752 लोग इस संक्रामक रोग के कारण जान गंवा चुके हैं। इनमें से सबसे अधिक 1,068 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद गुजरात में 606, मध्य प्रदेश में 239, पश्चिम बंगाल में 225, राजस्थान में 125, दिल्ली में 123, उत्तर प्रदेश में 95, तमिलनाडु में 71 और आंध्र प्रदेश में 48 लोगों की मौत हुई। मंत्रालय के अनुसार कर्नाटक में 36 लोग जान गंवा चुके हैं जबकि तेलंगाना में 34 और पंजाब में 32 लोग जान गंवा चुके हैं। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में इस बीमारी के कारण 11-11 लोगों की मौत हुई जबकि बिहार में सात और केरल में चार लोगों की मौत हुई। झारखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में कोविड-19 से तीन-तीन लोगों की मौत हुई जबकि असम में दो लोगों ने जान गंवाई। मंत्रालय के अनुसार मेघालय, उत्तराखंड और पुडुचेरी में एक-एक शख्स की मौत हुई।




# कोयला खनन में खत्म होगा सरकार का एकाधिकार, रक्षा उत्पादन में FDI की सीमा बढ़ाकर 74% की गई: वित्त मंत्री

**डेली संवाद, नई दिल्ली**




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज की चौथे किस्त की घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात की है, हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिये खुद को तैयार करना होगा और वैश्विक मूल्य श्रृंखला की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा।

**मुख्य बातें**

- रक्षा उत्पादन में स्न्नष्ठढ्ढ की सीमा 49 फीसदी से बढ़ाकर 74 फीसदी की गई और ऑर्डिनंस फैक्ट्री को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाएगा।
- डिफेंस उत्पादन में मेक इन इंडिया पर जोर दिया जाएगा। आयात न किए जाने वाले उत्पादों की लिस्ट बनेगी। सेना को जो आधुनिक हथियारों की जरूरत है, उनका भी उत्पादन अपने देश में होगा।
- खनिज क्षेत्र में निर्बाध खोज-खनन-उत्पादन व्यवस्था की शुरुआत की जाएगी।
- कोयला सेक्टर में मौके बढ़ाने के लिए सरकार 50 हजार करोड़ का निवेश करेगी।
- कोयला क्षेत्र में कमर्शियल माइनिंग होगी और सरकार का एकाधिकार खत्म होगा।
- कोयला उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कैसे बने और कैसे कम से कम आयात करना पड़े, इस पर काम करेंगे।
- नए चैंपियन सेक्टरों के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की जाएंगी जैसे सोलर पीवी विनिर्माण, उन्नत सेल बैटरी भंडारण आदि क्षेत्रों में...
- संरचनात्मक ढ़ाचों में सुधार कोयला, खनिज, रक्षा उत्पादन, एयरस्पेस मैनजमेंट, एयरपोर्ट्स, रू्रूह्र (मैंटनेंस, रिपेयर ऐंड ओवरहॉल), केंद्रशासित प्रदेशों में बिजली वितरण कंपनियां, अंतरिक्ष क्षेत्र और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सुधारों का ऐलान होगा।

## कोरोना का कहर

### मंदिर के सोने पर नजर, आस्था पर मचा घमासान, चूक गए चव्हाण!



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने केंद्र सरकार से देश के धार्मिक ट्रस्टों में रखे सोने के भंडार का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। ताकी इससे संकट से जूझ रहे देश का कुछ उद्धार हो सके। भारत के परम वैभव से आकर्षित होकर सातवीं सदी की शुरुआत से सौलहवीं सदी तक निरंतर हजारों हिन्दू, जैन और बौद्ध मंदिरों का न केवल विध्वंस किया गया बल्कि उसकी संपदा को भी लूट लिया गया। खासतौर पर ऐसे पूजास्थलों पर आक्रमण किया गया जो अपने विशालतम आकार से कहीं ज्यादा देश की गौरवशाली अस्मिता का प्रतीक थे। अपनेप्रत्येक आक्रमण में गजनवी ने सनातन धर्मियों केकितने ही छोटे–बड़े मंदिरों को अपना निशाना बनाया। मंदिरों में जमा धन को लूटा और मंदिरों को तोड़ दिया।





